जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/2014/327 दिनांक 21/04/2014

// संशोधित–अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **स्नातक– बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. (होम साइंस) षष्ठ् सेमेस्टर (नियमित/भूतपूर्व (एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली) तथा (एटीकेटी–ऑल्ड कोर्स (पुराना पाठ्यक्रम) परीक्षा जून–2014** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैंः–

विवरण	**परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण**			
	तिथि एवं शुल्क विवरण	**बी.ए.**	**बी.कॉम.**	**बी.एससी./ बीएससी.(होमसाइंस)**
परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की तिथि	तिथि	**25.04.2014**	**25.04.2014**	**25.04.2014**
	नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क	**1005/-**	**1005/-**	**1505/-**
	भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क	**1465/-**	**1465/-**	**2005/-**
	एटीकेटी–ऑल्ड कोर्स छात्र का परीक्षा शुल्क	**550/- प्रति विषय**	**550/- प्रति विषय**	**550/- प्रति विषय**
परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये **500/–** के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	तिथि	26.04.2014	26.04.2014	26.04.2014
परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये **1000/–** के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	तिथि	27.04.2014	27.04.2014	27.04.2014
विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन पत्र अपडेट **(UPDATE)** करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	**28.04.2014**			

उपर्युक्त वर्णित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क नियमित 60/– रूपये, भूतपूर्व छात्र 80/– रूपये, अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये तथा परीक्षा संचालक शुल्क 100/– प्रति छात्र संग्रहित किया जाना है। समस्त शुल्कों की राशि को परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़कर दर्शाया गया है, जिसमें 110/– की राशि चालान फार्म में से कम कर दी गयी है, जिसका भुगतान संबंधित महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों से लिया जावेगा।

* ऐसे परीक्षार्थी, जिन्होंने बी.ए. की कक्षाओं में प्रायोगिक विषय लिया है, ऐसे छात्र–छात्राओं को प्रायोगिक शुल्क के रूप में 400/– की अतिरिक्त राशि जमा करनी होगी।

भूतपूर्व परीक्षार्थियों के लिये दिशा–निर्देशः–

1. बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी.(होमसाइंस) षष्ठ् सेमेस्टर परीक्षा में जो परीक्षार्थी पूर्व में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित घोषित हुये थे, वह समस्त परीक्षार्थी एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली के अंतर्गत परीक्षा में भूतपूर्व परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होंगे। ऐसे परीक्षार्थियों की आंतरिक एवं बाह्य परीक्षा दुबारा से संपादित होगी। **ऐसे छात्र–छात्राओं के परीक्षा फार्म 'न्यू एक्जाम फार्म' आप्सन के माध्यम से (Regular/Ex-student) कक्षा में ऑनलाइन भरें।** ऐसे परीक्षार्थियों को एटीकेटी–ऑल्ड कोर्स (ATKT - OLD COURSE) में बैठने की पात्रता नहीं होगी। एटीकेटी–ऑल्ड कोर्स (ATKT - OLD COURSE) कक्षा में मात्र वही परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे, जो कि पूर्व में एक या दो विषयों में एटीकेटी घोषित किये गये थे। ज्ञात हो कि ऐसे परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय से अनुमति लेने के लिये भेजा जा रहा है, जबकि इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी कर दिये गये हैं, परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।

छात्रहित में ''न्यू एक्जाम फार्म'' आप्सन का उपयोग

2. यदि किसी कारणवश विश्वविद्यालय ने परीक्षार्थी का परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन नहीं भेजा है, ऐसी स्थिति में महाविद्यालय प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि यदि परीक्षार्थी आगामी परीक्षा के लिये पात्रता रखता है, ऐसी स्थिति में उसका परीक्षा फार्म कॉलेज लॉगिन से ''न्यू एक्जाम फार्म' से भरकर छात्र को प्रिन्ट करके देंवे। प्रायः देखने में आ रहा है कि छात्र की समस्या के समाधान के लिये विश्वविद्यालय में संपर्क करने के लिये कह दिया जाता है, इसलिये विशेष ध्यान रखें कि विशेष परिस्थितियों में छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय कार्यालय भेजें।

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

सहायक–कुलसचिव (परीक्षा)